निबंधन संख्या पी0टी0-40

सत्यमेव जयते

# बिहार गजट
## असाधारण अंक
## बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

28 फाल्गुन 1945 (श0)

(सं0 पटना 287) पटना, सोमवार, 18 मार्च 2024

सं० 3ए–2–वे०पु०–06 / 2023-2895 / वि०

वित्त विभाग

---

संकल्प

15 मार्च 2024

**विषयः– सहकारिता विभाग सांख्यिकी सहायक संवर्ग के प्रोन्नति सोपानों के लिए संगत वेतनसंरचना की स्वीकृति के सम्बन्ध में।**

सहकारिता विभाग की अधिसूचना संख्या–2125, दिनांक–26.05.2009 द्वारा **सहकारिता विभाग सांख्यिकी सहायक संवर्ग नियमावली, 2009** अधिसूचित है, जिसमें चार–स्तरीय पदसोपान विहित है। सहकारिता विभाग सांख्यिकी सहायक संवर्ग के विहित पदसोपान एवं उसके लिए स्वीकृत वेतनसंरचना की स्थिति निम्नवत् हैः–

| क्र.सं. | पदनाम | पदसोपान (कोटि) | दि०–01.01.96 से स्वीकृत वेतनमान | दि०–01.01.06 से स्वीकृत वेतनमान | दि०–01.01.16 से स्वीकृत वेतनसंरचना |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कनीय सांख्यिकी सहायक | मूलकोटि | 4000-6000 | PB-1+2400 | Level-4 |
| 2 | वरीय सांख्यिकी सहायक | प्रथम प्रोन्नति स्तर | 5000-8000 | PB-2+4200 | Level-7 |
| 3 | सांख्यिकी पदाधिकारी | द्वितीय प्रोन्नति स्तर | 5500-9000 | PB-2+4200 | Level-6 |
| 4 | उपनिदेशक (सांख्यिकी) | तृतीय प्रोन्नति स्तर | 8000-13500 | PB-2+5400 | निर्धारित नहीं है |

2. उक्त संवर्ग के प्रथम प्रोन्नति स्तर पद **वरीय सांख्यिकी सहायक** एवं द्वितीय प्रोन्नति स्तर पद **सांख्यिकी पदाधिकारी** के लिए दिनांक–01.01.2006 के प्रभाव से एक ही वेतनमान PB-2+4200 स्वीकृत है। राज्य वेतन आयोग की अनुशंसा के आलोक में दिनांक–01.01.2016 के प्रभाव से प्रथम प्रोन्नति स्तर पद **वरीय सांख्यिकी सहायक** के लिए उत्क्रमित वेतनस्तर–7 स्वीकृत है, जबकि उससे उच्चतर प्रोन्नति के पद **सांख्यिकी पदाधिकारी** के लिए निम्न वेतनस्तर–6 स्वीकृत है, जो एक विसंगति है। इसके निवारण हेतु सांख्यिकी पदाधिकारी

के लिए अनुवर्त्ती पदसोपान से उच्चतर वेतनस्तर–8 अनुमान्य होना चाहिए। तृतीय प्रोन्नति सोपान **उपनिदेशक (सांख्यिकी)** के लिए दिनांक–01.01.2016 के प्रभाव से वेतनसंरचना स्वीकृत नहीं रहने की स्थिति में वित्त विभागीय संकल्प संख्या–8145, दिनांक–13.10.2017 की कंडिका–4(ii) के आलोक में प्रतिस्थानी वेतनस्तर–9 अनुमान्य होना चाहिए।

3. **सम्यक् विचारोपरान्त** सहकारिता विभाग सांख्यिकी सहायक संवर्ग के प्रोन्नति सोपानों के लिए निम्नवत् वेतनसंरचना की स्वीकृति दी जाती है :–

| क्र.सं. | पदनाम | पदसोपान (कोटि) | पुनरीक्षित वेतनसंरचना |
|---|---|---|---|
| 1 | सांख्यिकी पदाधिकारी | द्वितीय प्रोन्नति स्तर | Level-8 |
| 2 | उपनिदेशक (सांख्यिकी) | तृतीय प्रोन्नति स्तर | Level-9 |

4. उक्त वेतनसंरचना संकल्प निर्गत की तिथि से प्रभावी होगा।

आदेशः– **आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र के अगले अंक में सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाय।**

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
लोकेश कुमार सिंह,
सचिव (संसाधन)।

---

**अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,**
**बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित ।**
**बिहार गजट (असाधारण) 287-571+10-डी0टी0पी0 ।**
**Website: http://egazette.bih.nic.in**